# उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय

चतुर्थ/पंचम तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ-226 001

संख्या : एफएस-1076/2013 (30) दिनाँक : जून 24 ,2013

सेवा मे,

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3,**
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
विपिन खण्ड गोमतीनगर,
लखनऊ।

**विषयः-** जी0एच0-1/20 व 1/21 सेक्टर-1, गोमतीनगर विस्तार में प्रस्तावित मेसर्स संकट मोचन होल्डिंग्स, प्राइवेट लिमिटेड भवन की प्रोवीजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पत्र संख्या -160/एए-जोन-3/12 दिनांक 30-11-2012 के माध्यम से उक्त प्रश्नगत प्रस्तावित भवन की प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त प्रश्नगत प्रस्तावित भवन के मानचित्रो में प्रस्तावित अग्निशमन व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का परीक्षण अग्निशमन अधिकारी, गोमतीनगर, लखनऊ/मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ द्वारा किया गया। अग्निशमन अधिकारी, गोमतीनगर, लखनऊ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ की आख्या दिनांक 20-06-2013 के अनुसार -

**भवन की संरचना:-**

1- **कुल भूखण्ड एरिया-** 11814.75 वर्ग मी0।

2- **प्रस्तावित भूतल कवर्ड एरिया -**
टावर 1 व 2 का स्टिल्ट का कवर्ड एरिया 1190.84 वर्ग मी0।
टावर 3 का सिटल्ट का कवर्ड एरिया 469.69 वर्ग मी0।

3- **प्रथम तल से ऊपरी तलो का टिपिकल कवर्ड एरिया-**
टावर 1 व टावर 2 का प्रथम तल से 11वें तल (टिपिकल तल) का कवर्ड एरिया-936.05 वर्ग मी0
टावर 3 का प्रथम तल से 12वें तल (टिपिकल तल) का कवर्ड एरिया-360.80 वर्ग मी0, 13वें तल का कवर्ड एरिया -269.96 वर्ग मी0 है।

4- **बेसमेन्ट प्रथम का कबर्ड एरिया-** 7810.70 वर्ग मी0।

5- **बेसमेन्ट द्वितीय का कबर्ड एरिया-**..../.... वर्ग मी0।

6- **भवन की उचाँई** - टावर- 1 व टावर-2 की ऊँचाई 37.90 मीटर है।
टावर-3 की ऊँचाई- 44.30 मीटर है।

भवन का अधिभोग एवं हैजार्ड श्रेणी- प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 की आवासीय श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है ।

**ढांचागत व्यवस्थाः-**

**1- पहुच मार्गः-** भूखण्ड के सामने मानचित्र में 45 मी0 रोड की चौड़ाई अंकित है।

**2- प्रवेश द्वार की चौड़ाई-** प्रश्नगत भवन परिसर में प्रवेश व निकास हेतु 6.00 मी0 चौड़ाई के 02 गेट मानचित्र में अंकित है, जो मानक के अनुसार है।

**3- सैटबेकः-** प्रस्तावित भवन का सैटबेक निम्नवत है:-

1-अग्रभाग- 13.00 मी0
2-पार्श्व भाग- 13.00 मी0
3-बांये तरफ- 13.00 मी0
4-दाहिने तरफ- 13.00 मी0

उपरोक्तानुसार भवन के सैटबेक भवन विनियमावली के अनुसार है। सेटबैक सदैव अवरोध मुक्त रखे जायगे। सेटबैक में किसी प्रकार का स्थायी या अस्थाई निर्माण कार्य नहीं कराया जायेगा।

**4- निकास मार्गः-** प्रस्तावित भवन में टावर-1 व टावर-2 में 02 आन्तरिक व 02 बाहरी स्टेयर केश जिनकी प्रत्येक की चौड़ाई क्रमशः 1.50 व 1.50 मीटर व टावर -3 में 02 स्टेयर केश-1.50 मी0 चौड़ी हैं, मानचित्र में प्राविधान किया गया है, जिनकी फ्लोर के समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिसटेंस अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत है। स्टेयर केश का निर्माण एन0बी0सी0 के भाग IV के विन्दु 4.9.1 से 4.9.10 तथा 4.11. 1 से 4.11.11 तक के अनुसार किया जायेगा।

**5- रिफ्यूज एरिया का विवरण** - प्रत्येक टावर में बालकनी प्राविधानित है।

**अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था-** नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया-2005 के अनुसार निम्नांकित अग्निशमन व्यवस्थाएं पूर्ण की जानी अनिवार्य हैं।

**1- भूमिगत टैंकः** भूमिगत टैंक- 75000 ली0, क्षमता मानचित्र में प्राविधानित है।

**2- पम्प-** अण्डर ग्राउण्ड टैंक के पास मेन **2** पम्प **1620** एल0पी0एम0 क्षमता का विद्युत चालित, **2** पम्प **1620** एल0पी0एम0 क्षमता का डीजल चालित, **1** जौंकी पम्प **180** ली0 क्षमता का स्थापित किया जाय।

**3-होजरील** :-प्रस्तावित भवन के मानचित्र में होजरील, लैडिंग वाल्ब आई0एस0 3844 मानको के अनुसार है।

**4-वेटराइजरः-** प्रस्तावित भवन के मानचित्र में वेटराइजर सिस्टम एन0बी0सी0-2005 मानकों के अनुरूप है।

5-प्रस्तावित सम्पूर्ण भवन परिसर मे यार्ड हाईड्रेण्टस, होज केबिनेट एवं उसमे डिलीवरी होज तथा ब्रान्च पाइप एवं फायर सर्विस इन्लेट का प्राविधान आई0एस0-13039:1991 के अनुसार प्राविधानित है।

**6-हस्त चालित इलैक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टमः-** प्रस्तावित भवन मानचित्र में हस्त चालित इलैक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम का प्राविधान एन0बी0सी0 मानको के अनुसार अंकित है।

**7-स्वचालित डिटेक्शन एण्ड एलार्म सिस्टमः-** भवन मे स्वचालित डिटेक्शन एण्ड एलार्म सिस्टम एन0बी0सी0 मानको के अनुसार प्राविधानित किया जाय।

**8-स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टमः-** बेसमेन्ट में आटोमेटिक स्प्रिंकलर सिस्टम एन0बी0सी0 मानक के अनुसार मानचित्र में प्राविधानित है।

**9-टैरिस टैंकः-** प्रश्नगत भवन के मानचित्र में टेरिस पर टेरिस टैंक **25,000** ली0 क्षमता का स्थापित कराया जाना मानचित्र में प्रत्येक टावर हेतु प्राविधानित है।

**10-टैरिस पम्पः-** प्रश्नगत भवन के टेरिस टैंक के पास टेरिस पम्प **900** एल0पी0एम0 क्षमता का प्रत्येक टावर हेतु स्थापित कराया जाना एन0बी0सी0 के अनुसार मानचित्र में प्राविधानितं है।

**11-प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):-** प्रस्तावित भवन में फायर एक्सटिंग्यूशर आई0 एस0-2190-2010 के अनुसार मानचित्र में प्राविधानित किया गया है, जो मानक के अनुसार है।

**12- स्मोक एक्सट्रेक्शन सिस्टमः-**

ए0- फायर चैकडोर, स्मोक चैक डोर का लोकेशन व रेटिंग **2** घण्टे प्राविधानित है।

बी0- सिस्टम की मैक अप एयर हेतु व्यवस्था अंकित है।

सी0-स्मोक रिजरवायर एवं अनुमानित स्मोक लेयर आदि को आधारित करते हुए एक्स्ट्रेक्शन सिस्टम का तकनीकी विश्लेषण प्रस्तावित मानचित्र में अंकित है।

**13-प्रेशराईजेशन प्रणाली :-**

1- आवश्यक स्थानों पर प्रेशराईजेशन की व्यवस्था व प्रयुक्त होने वाले फैन्स की डक्टिंग इत्यादि अंकित है।

2- प्रेशराईजेशन प्रणाली, डिटेक्शन सिस्टम से इण्टरलिंक होना नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया -2005 के अनुरूप अंकित है। प्रेशराइजेशन प्रणाली का निर्माण/स्थापना एन0बी0सी0 के भाग IV के विन्दु 4.10.1 से 4.10.7 तक के अनुसार किया जायेगा।

**14-एग्जिट साईनेजः-**सम्पूर्ण भवन में एग्जिट साईनेज स्थापित किया जाना प्राविधानित हैं।

**15-पी0ए0 सिस्टमः-** पी0ए0सिस्टम की व्यवस्था सम्पूर्ण भवन मे आवश्यक नहीं है।

अतः उपरोक्तानुसार संकट मोचन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जी0एच0-1/20 व 1/21 सेक्टर-1 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ में प्रस्तावित भवन के निर्माण हेतु प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति

प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तावित भवन/इकाई में अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्रस्तावित प्राविधान तथा इस पत्र मे अंकित शर्तों को भवन विनियमावली तथा नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया-2005 में उल्लेखित मानको के अनुसार करायें जायेंगे तथा भवन के निर्माणोपरान्त भवन का प्रयोग करने से पहले प्राविधानित एवं शर्तो के अनुसार भवन में अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थायें मानकों के अनुसार भौतिक रूप से स्थापित कर उनका निरीक्षण/परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर अन्तिम अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा अन्यथा निर्गत किया जा रहा भवन निर्माण हेतु प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संलग्नक : 01 मानचित्र

नाम- **अरविन्द कुमार**
उप निदेशक
उ0प्र0 फायर सर्विस मुख्यालय,
(अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गमन अधिकारी)
दिनांक
कार्यालय मोहर/सील

प्रतिलिपिः-

1- मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ उनके पत्र संख्या प-1862/एफएस-13 दिनॉक 20-6-13 के संदर्भ में मानचित्र संलग्न के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

2- अग्निशमन अधिकारी, गोतीनगर, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित। (मानचित्र संलग्न)

:::::::